बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग
ब्लॉक–सी0, सरदार पटेल भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800023
दूरभाष: 0612 2294201, 2294202(फैक्स), ई–मेल: secy-disastermgmt-bih@nic.in

पत्रांक–01 / आ०प्र०यो०–07 / 2015(खण्ड) / 2203 / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक– 18/06/2021

प्रेषक,

एम० रामचन्द्रुडु, भा0प्र0से0
अपर सचिव।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
बेल्ट्रॉन,
बेल्ट्रॉन भवन,
शास्त्रीनगर, पटना।

विषयः– **जिला आपातकालीन संचालन केन्द्रों (DEOCs) के 24X7 संचालन हेतु प्रत्येक जिला में 03 कम्प्यूटर प्रोगामर, 03 डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं 03 आई0टी0 ब्वॉय की सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– **विभागीय पत्रांक–1982 / आ०प्र० दिनांक–10.07.2017।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया स्मरण किया जाए जिसके द्वारा राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों को जिला आपातकालीन संचालन केन्द्रों (DEOCs) के 24X7 पैटर्न पर सुचारू रूप से संचालन करने हेतु प्रत्येक जिला में 03–03 कम्प्यूटर प्रोगामर, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं आई0टी0 ब्वॉय की व्यवस्था बेल्ट्रॉन के माध्यम से आउटसोर्सिंग के आधार पर करने का निदेश दिया गया है। तदालोक में जिलों के द्वारा की गई अधियाचना के आलोक में बेल्ट्रॉन के द्वारा विभिन्न जिलों में उक्त संविदा कर्मियों की सेवा उपलब्ध कराई गई है। परन्तु, राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र (SEOC), आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा जिलों से दूरभाष के माध्यम से प्राप्त सूचना (सूची संलग्न) के अनुसार अधिकांश जिलों में अभी भी अधियाचित संख्या के विरूद्ध मानवबल उपलब्ध नहीं कराया जा सका है, जिसका सत्यापन बेल्ट्रॉन के पास उपलब्ध डाटा से मिलान कर किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि DEOCs में कर्मियों के निर्धारित संख्या में नहीं होने से रोस्टरवार कार्य करने में कर्मियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे DEOCs को 24X7 क्रियाशील करने में कठिनाई होती है।

अतः उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि संभावित बाढ़ 2021 के पूर्व जिलों से प्राप्त अधियाचना के विरूद्ध अधियाचित संख्या में उक्त कर्मियों की सेवा संबंधित जिलों को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ताकि बाढ़ अवधि के दौरान जिला आपातकालीन संचालन केन्द्रों (DEOCs) का कार्य सुचारू ढंग से संचालित किया जा सके।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
17/06/2021
अपर सचिव

E:\2021\Ajay Sir\SEOC\DEOC\Letter to BELTRON for DEOCs 17-06-2021.docx

ज्ञापांक:-01/आ०प्र०यो०-07/2015(खण्ड)/ 2203 /आ0प्र0, पटना-23, दिनांक- 18/06/2021

प्रतिलिपि:-सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने DEOC में उक्त कर्मियों की वास्तविक रिक्ति के अनुरूप बेल्ट्रॉन से आज ही अधियाचना करने की कृपा की जाए।

अनु०-यथोक्त।

17/06/2021

अपर सचिव।

E:\2021\Ajay Sir\SEOC\DEOC\Letter to BELTRON for DEOCs 17-06-2021.docx

District Emergency Operation Center Information

Sr. No	District	No Of Programmer	No of Operators	IT Boy/Girl	Remarks
1	Khagaria	3	2	0	
2	Rohtas	3	3	2	
3	Kaimur	2	3	2	
4	Jehanabad	3	3	2	
5	Gaya	3	3	1	
6	Begusarai	2	2	0	
7	Saran	3	3	1	
8	Katihar	3	3	3	
9	Supaul	2	3	3	
10	Madhubani	3	3	0	
11	Madhepura	3	3	1	
12	Gopalganj	3	3	2	
13	Kishangaj	3	2	1	
14	Munger	2	2	0	
15	Siwan	3	3	3	
16	Araria	2	2	0	
17	Samastipur	3	2	0	
18	Banka	3	3	0	
19	Bhagalpur	2	2	3	
20	Nalanda	1	3	3	
21	Bhojpur	3	3	0	
22	Nawada	3	3	3	
23	Patna	3	3	2	
24	Saharsa	0	1	0	
25	Purnia	2	2	1	
26	Buxar	2	3	3	
27	Arwal	2	3	2	
28	Aurangabad	0	0	0	
29	Muzaffarpur	2	3	0	
30	Sitamarhi	2	3	3	
31	Vaishali	0	1	0	
32	East Champran	3	3	3	
33	West Champran	0	3	3	
34	Sheohar	3	1	0	
35	Darbhanga	2	2	0	
36	Lakhisarai	3	3	3	
37	Jamui	2	2	0	
38	Sheikhpura	3	3	0	
	Total	**87**	**95**	**50**	